कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़

जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

E-mail :commissioner-rgh.cg@cg.gov.in, corporationraigarh@gmail.com
Phone No:- 07762-222911

रायगढ़, दिनांक 02/04/26

क्र. 47..... / रा.वि. / न.पा.नि. / 2026

।। निविदा सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा आगामी 05 वर्षों के लिए नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत कुल 04 जोन में होर्डिंग्स बोर्ड लगाये जाने हेतु पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों से जोनवार स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से त्रि लिफाफा पद्धति में दिनांक 29/04/2026 को सायंकाल 04 बजे तक मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मुल्य 500/–रू. नगद जमा कर दिनांक 28/04/2026 तक कार्यालयीन अवधि में प्राप्त किये जा सकते है।

निर्धारित समायावधि में प्राप्त निविदायें दिनांक 30.04.26 को सायं 04:00 बजे नगर निगम, रायगढ़ में उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जावेगी।

निविदा हेतु नियम व शर्तें निम्नानुसार हैः–

1. प्रत्येक जोन हेतु पृथक–पृथक निविदा–प्रथम लिफाफा में अमानत राशि के रूप में रू. 25,000.00 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़ के नाम से एवं जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, ITR रिपोर्ट 2022–23 से 2024–25, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा द्वितीय लिफाफा में निविदा प्रपत्र होगा। दोनो लिफाफा एक लिफाफा में भरकर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित करना होगा अन्यथा निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं होगा।
2. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
3. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़ के पास सुरक्षित होगा। इस हेतु कोई कारण नहीं बताया जावेगा।
4. विस्तृत निविदा सूचना तथा नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध होंगी तथा वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com पर अवलोकन की जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

पृ. क्र. 47..... / रा.वि. / न.पा.नि. / 2025–26

रायगढ़, दिनांक 02/04/26

प्रतिलिपिः–

01. मान.महापौर/सभापति /नेताप्रतिपक्ष, नगर पालिकनिगम, रायगढ़ को सूचनार्थ।
02. उपायुक्त, नगर पालिक निगम रायगढ़ को सूचनार्थ।
03. कार्यपालन अभियंता/अधीक्षक विज्ञापन उपविधि नगरपालिक निगम रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. कार्यालय अधीक्षक/लेखापाल, नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सूचनार्थ।
05. प्रोग्रामर, नगर पालिक निगम रायगढ़ को शासन/ नगर निगम की वेबसाईट में अपलोड करने हेतु सूचनार्थ।
06. सहायक जनसंपर्क अधिकारी, नगरपालिक निगम रायगढ़ उक्त सूचना का 02 दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु सूचनरार्थ।
07. कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner